The question was put and the motion was adopted.

SHRI K. JANA KRISHNAMURTHY: Sir, I withdraw the Bill.

SHORT DURATION DISCUSSION

On Drought Situation in many parts of the Country

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद सभापति महोदय, इस समय लगभग सम्पूर्ण देश एक भयानक स्थिति के दौर से गुजर रहा है। उसमें केवल किसान को अलग नहीं किया जा सकता क्योंकि देश में खेती पर मुनहासिर करने वाले करीब 100 में 70-75 लोग हैं। वे लोग केवल अनाज ही नहीं पैदा करते कारखानों में या दुकानों पर बैठे हुए लोग या दफ्तरों में काम करके तनख्वाह पाने वाले लोग अगर यह समझते हैं कि किसानों पर आफत आई है तो वे ऐसा कभी-कभी बोलते हैं। मैं उनसे इतना कहना चाहता हूं कि तुम्हारी दुकान पर जो सामान रखा है उसका असली खरीदार किसान है। अगर उसकी जेब में पैसा नहीं रहेगा, खरीदारी की ताकत नहीं रहेगी तो तुम्हारी दुकान फीकी हो जाएगी। मैं तनख्वाह पाने वाले लोगों से कहना चाहता हूं जो चिंता कम करते हैं इस हालत पर, केवल गर्मी के माहौल से पसीना पौंछते हुए गर्मी की चर्चा करते हैं कि किसान गेहूं पैदा करता है, धान पैदा करता है। तुम जो पहली तारीख को तनख्वाह लेते हो उस तनख्वाह से और नोटों की गड्डी से रोटी नहीं पक सकती और चावल नहीं पक सकता है। इसलिए मैंने जान बूझकर कहा कि सम्पूर्ण देश इस समय आफत में है और पता नहीं इसका अहसास सरकार कर पा रही है या नहीं। इसके विशेषज्ञों को सुनते हैं, कभी-कभी बोलते हैं। मंत्री जी भी कहते हैं कि दस सैकड़ा नुकसान हो गया खरीफ की फसल का। कई विशेषज्ञों ने बड़ा दबकर कहा कि 15 सैकड़ा नुकसान हुआ है खरीफ की फसल का। आज की तारीख में 25 सैकड़ा, 30 सैकड़ा खरीफ की फसल का नुकसान हुआ है और अगर 15 दस दिन और पानी नहीं बरसा तो यह नुकसान 50 सैकड़ा तक जा सकता है। हमने दो-तीन दिन पहले सरकार का बयान पढ़ा कि यह सही है कि मोटा अनाज बाजरा या सोया अब नहीं पैदा हो सकता है और हम किसान को सलाह दे रहे हैं कि वह दूसरी फसल की बुआई करने के लिए सोचे। हम हंसने लगे कि आप दिल्ली से सलाह दे देंगे और किसान अपनी फसल बदलने लगेगा। इतना पढ़ा-लिखा विद्वान तो वह होता नहीं। यह सलाह देने की क्या जरूरत थी। अगर एक आफत आ गई है, इस आफत के बारे में मैंने सरकारी विभाग के कई लोगों से पूछा कि ऐसा सूखा और अकाल कभी पड़ा है या नहीं, तो उन लोगों ने कहा कि 1987 जैसा सूखा अभी नहीं पड़ा है। हम दुखी हैं और सबसे ज्यादा दुखी खेत में काम करने वाला मजदूर है, जिसको खेतिहर मजदूर कहते हैं। इस समय वह धान की रुपाई पौधा उखाड़कर के किया करता था, वह मजदूरी करता था, वह बिहार से आता था, वह उत्तर प्रदेश से आता था, वह मेरठ से, हरियाणा से होते हुए पंजाब तक जाता था, वह तो भुखमरी की हालत में पहुंच गया है। किसान लोग जिनके पास थोड़ा-बहुत पैसा होगा, वे खरीद कर के खा-पी सकते हैं, वे कहीं न कहीं से, बाहर से अनाज मंगायेंगे, लेकिन वह बेचारा तो खरीद कर भी नहीं खा सकता है, क्योंकि उसकी जेब में तो पैसा ही नहीं होगा। वह कहां से खरीदेगा, यह एक बहुत ही भयानक स्थिति है। इस स्थिति को जो लोग सत्ता में हैं या जो अफसरशाही है, वह अजीब ढंग से काम कर रही है। हमने कई बार इलाहाबाद में और दूसरी जगहों पर सूखे के सवाल पर प्रदर्शन किया है। वहां के कलेक्टर ने कभी इस पर नोटिस नहीं लिया। वे यह सोचते हैं कि पांच दिनों के बाद पानी तो बरस ही जायेगा, उसके बाद यह सवाल इरेलीवेंट हो जायेगा, असंगत हो जायेगा और सरकार भी सोचती

है कि कभी न कभी तो पानी बरसेगा ही। लेकिन अब की बार पानी बरसने का नाम आसमान नहीं ले रहा है। हमारा मौसम विभाग पहले बोला था कि 29 जून तक पानी बरस जायेगा। हिन्दुस्तान में तसल्ली हुई थी कि शायद बरस जायेगा। दिल्ली में पानी बरस जायेगा, उसने यह बात कही थी, क्योंकि केरल के तट पर और बंगाल की खाड़ी में थोड़ा बहुत मानसून तेज हुआ था। यहां दिल्ली में बैठे हुए हमारे मौसम विभाग के अफसर एक बार तो चटक गए कि 20 जून तक दिल्ली में पानी आ रहा है। दिल्ली के लोग भी उम्मीद कर रहे थे कि एक मामूली सा झटका पानी का आ गया, लेकिन वह मानसून नहीं था। लोगों ने कहा- पहली राहत मिल गई। उसके बाद पानी नहीं आया। फिर उसने कहा कि 10 जुलाई तक जरूर पानी बरसेगा, लेकिन फिर भी पानी नहीं बरस रहा है। लोग कहते हैं कि वक्त आने पर पानी बरस जायेगा। मैं चाहूंगा कि मौसम विभाग के जो अधिकारी हैं, उनकी काबिलियत के बारे में कोई नये सिरे से इम्तहान लिया जाय। वे इतने निकम्मे हैं कि वे मौसम को ठीक से समझ नहीं सकते, तो मैं उनसे कहूंगा कि घाघ की छोटी-छोटी किताबें पढ़ लिया करें। हिन्दुस्तान में घाघ हुआ था जिसकी किवदंतियां हैं। वह मौसम के बारे में बोल दिया करता था और जो बोल दिया करता था, वह अचूक होता था। वे उसको थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करें तो आपको मालूम हो जायेगा कि मौसम का कैसे अध्ययन किया जाता है। पूर्वानुमान नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

सभापति महोदय, मैं कल टेलिविजन पर मौसम विभाग के एक अधिकारी का बयान सुन रहा था। उसने कहा कि सारे हिन्दुस्तान में ऐसी हालत नहीं है, कुछ इलाके हैं जहां पर बारिश नहीं हुई है। यह सुनकर हमको हंसी आ रही थी कि यह बोल कैसे रहा है। हिन्दुस्तान के मामूली से टुकड़े में थोड़ा अनाज पैदा हो जाए तो सौ करोड़ से ऊपर की आबादी को खाना खिलाने के लिए वह काफी नहीं होगा। वह इस हकीकत को नहीं जानता है। वह अब भी नहीं बोलता है कि हमारा मौसम विभाग गलत नहीं बोलता है। लेकिन यह सच है कि मानसून वापस लौट गया है, इसको हमें स्वीकार करना चाहिए और सरकार को भी स्वीकार करना चाहिए। सरकार ने इसके लिए क्या कंटेंजेंसी प्लान बनाया है? मैं जानता हूं कि केन्द्र सरकार कह देगी कि राहत का मुख्य काम राज्य सरकारों का है। राज्य सरकारें अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की हैं। वे सरकार बयान देने लगेंगी कि हमारे साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है, भेद-भावपूर्ण नीति बन रही है। गांव का किसान, खेत में काम करने वाला मजदूर तो एक महीने बाद की तकदीर के बारे में सोच रहा है। वह केवल आसमान की तरफ देखता है, वह सरकार की तरफ नहीं देखता है, क्योंकि सरकार तो बोल देगी कि पानी नहीं बरसा तो वह क्या करे। अगर पानी ठीक से बरस जाए तो यही सरकार बोलेगी कि देख लीजिए अटल जी के राज में कितनी बढ़िया फसल हुई है और पानी ठीक से नहीं बरसा तो ये लोग आसमान की तरफ इशारा कर देंगे कि इन्द्र भगवान नाराज हो गए। जिम्मेवारी-जिम्मेवारी हुआ करती है। अगर फसल बढ़िया होती है तो उसकी जिम्मेवारी यह सरकार लेती है, उसका सेहरा यह सरकार अपने सिर पर लेती है, लेकिन अगर फसल खराब हो गई है तो इसकी जिम्मेवारी भी इस सरकार को लेनी चाहिए। राज्य सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ सकते । राज्य सरकारें आम तौर से दीवालिया हैं, वे अपने कर्मचारियों को तनख्वाह तक नहीं बांट पा रही हैं, चार-चार, छः-छः महीने से उन्हें तनख्वाह नहीं मिल पा रही है और वे केन्द्र सरकार से तनख्वाह बांटने तक के लिए पैसा मांग रही हैं कि आप पैसा दे दो तो हम तनख्वाहें बांट दें । अगर आपने उनके ऊपर छोड़ दिया तो बहुत मुश्किल हो जाएगी । राज्य सरकार को खुद जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी । उड़ीसा के लोगों की रिपोर्ट आ रही है कि अकाल की स्थिति आ जाएगी । लोगों ने अपने जानवर छोड़ दिये कि

जाओ, जहां चाहे चरो । पूरे उत्तर प्रदेश की हालत खराब हो गयी । महोदय, पुराने हिन्दुस्तान में भी अकाल पड़ा था । राजा जनक के जमाने में एक बार अकाल पड़ा था । वे राजा थे पर अकाल तोड़ने के लिए, पानी बरसाने के लिए खुद उन्होंने हल चलाना शुरू किया क्योंकि यह किदवंतियां थी, यह अंध विश्वास था कि अगर राजा हल चलाएगा तो पानी बरस जाएगा। अब उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ से लेकर गोरखपुर, देवरिया तक, पूरे उत्तर प्रदेश में इन इलाकों की औरतें रात को नंगा होकर हल चला रही हैं कि इंद्र देवता खुश हो जाओ, पानी बरसाओ । यह अखबारों में छप रहा है । परसों अलीगढ़ की खबर छपी थी कि औरत नंगा होकर हल चला रही है ताकि भगवान खुश हो जाएं । हम देवरिया गए, गोरखपुर गए, देवरिया में सूखे के समय में हरपौड़ी मनाया जाता है । महिलाएं नंगा होकर हल चलाती हैं । हमारे इलाहाबाद में बताया गया कि एक नाई की औरत ने नंगा होकर हल चलाया ताकि भगवान खुश हो जाएं । जब राजा हल नहीं चलाया करता, अंध विश्वासों के तहत ही, तो हिन्दुस्तान की महिला निर्वस्त्र होकर हल चलाया करती है कि भगवान खुश हो जाएं । कितने दिनों तक क़मजोर वर्ग को अपमानित करके हम इस दैवी आपदा का मुकाबला करेंगे ? हम इस सरकार से पूछना चाहते हैं । यह सच है कि हमारे यहां किस्से हैं कि एक बार पानी नहीं बरस रहा था तो एक शूद्र का बेटा अनशन पर बैठ गया, तपस्या पर बैठ गया । राजा को बहुत बुरा लगा - बाद में हमने उसको भगवान भी मान लिया - उसने जाकर उस हरिजन के बेटे को तीर मार दिया, वह मर गया । हम गरीब लोग तपस्या करें तो हमें तीर मारा जाए । दलित और औरत अंधविश्वास के नाम पर कितने दिनों तक दैवी आपदाओं का शिकार बनकर रहेगी ? क्यों नहीं राजा लोग, जो गद्दी पर बैठे रहते हैं, एक बार अटल जी राजा जनक बन जाएं, हल चलाने लगें, अगर इसी से पानी बरसता है तो । महोदय, मैं कह रहा था कि दैवी आपदाएं लंबे अरसे से आती रहती हैं । अटल जी हों, आडवाणी जी हों, अजीत सिंह जी हों, क्यों नहीं यह लोग ऐसा करते ? क्यों यह औरतों के जिम्मे रहा है ? और यह किस्सा क्या सच नहीं है कि पानी के अभाव में महिलाएं पूरे के पूरे उत्तर प्रदेश में नंगा होकर हल चला रही हैं । हमने एक दिन अपनी मीटिंग में कह दिया कि हमारे देवरिया में ऐसा हो गया । उसके दूसरी दिन अलीगढ़ का छप गया तो राम गोपाल जी बैठे थे, इन्होंने कहा कि हमारे इटावा में भी ऐसा होता है । हमारे एक साथी ने कह दिया कि यह पुराना अंधविश्वास है। यह अंध विश्वास इसलिए है क्योंकि हमें आपसे उम्मीद नहीं है । जनता को जो खेती करती है, उसे सरकार से कोई उम्मीद नहीं है और अंधविश्वास के तहत वह भगवान को, आसमान को खुश करने के लिए पता नहीं कितनी खुराफात का शिकार होती चली जा रही है और याद रखिए, जिस देश की मातृ शक्ति अभाव के कारण खेत में नंगा होकर हल चलाती है, वह देश कभी मजबूत नहीं हो सकता । हम कुर्सी पर बैठकर, पार्लियामेंट में आकर सत्ता के नशे में या और किसी नशे में चूर हो रहे हैं और देश की जनता, उसकी मातृ शक्ति नंगा होकर हल चलाए, यह एक बेहिसाब किस्म के अपमान की स्थिति है । मैं सूखा और भूख को भयानक मानता हूं कि उसके चलते हिन्दुस्तान की महिला किसी गरिमामय रास्ते से हटकर इतने गलीज रास्ते पर किसी मजबूरी में चली जाए । मैं चाहूंगा कि अजीत सिंह जी केवल सूखे का मुकाबला करने के लिए कंटिनजेंसी प्लान नहीं, बल्कि उन अंधविश्वासों से लड़ने के लिए भी कोई न कोई योजना जरूर बनाइएगा क्योंकि समाज का कोई भी कमजोर वर्ग अंध विश्वासों के तहत आकर किसी आफत का मुकाबला करता है और अपमानित स्थिति में जाकर करता है तो वह बहुत खतरनाक है ।

उसका मुकाबला करने की ज़रूरत पड़े तो उनसे कह देना कि तुम्हारे नंगा होकर हल चलाने से अगर इंद्र भगवान खुश होते हों तो तुम अपने गांव में ऐसा मत करना, हम दिल्ली में

1713 GIPMR/03—15

ही यह काम खुद कर देंगे और इंद्र भगवान खुश हो जाएंगे । इन अंधविश्वासों से लड़ने के लिए थोड़ा अपनी तरफ से हिम्मत दिखानी पड़ेगी । मैं जानता हूं कि खेती को कभी भी सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा गया । इसको नंबर दो का विषय माना गया । उद्योग, व्यापार और वे धंधे जो रुपए से रुपया कमाते हैं, हिंदुस्तान की आज़ादी मिलने के बाद उन्हीं धंधों को महत्व दिया गया । थोड़ा सा चौधरी चरण सिंह के ज़माने में, थोड़ा सा मैं जान-बूझ कर कह रहा हूं, थोड़ा सा इसको महत्व देने की कोशिश की गई थी। इस समय चौधरी चरण सिंह जी की विरासत में उनके बेटे कृषि मंत्री हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि वे थोड़ा सा इस बात पर सोचेंगे । थोड़ा सा उन्होंने एक बार कह दिया था जब वे वित्त मंत्री थे कि ये टूथपेस्ट जो मल्टी नेशनल कंपनियों के हैं, इनका इस्तेमाल मत करो, दातुन का इस्तेमाल करो । मुझे याद है कि जो भद्र पुरुष हैं हिंदुस्तान के, उन्होंने इसका कितना बुरा माना था लेकिन दृष्टि तो अलग थी । मैं चाहूंगा कि उसी दृष्टि का इस्तेमाल फिर किया जाए ।

दूसरी बात यह है कि आफत आ रही है और इस आफत का मुकाबला करने के लिए एक अजीब हालत हो रही है । हालत यह हो रही है कि दो महीने बाद जब गांव के स्कूल खुलेंगे तो बच्चों के मां-बाप फीस नहीं दे पाएंगे और उन बच्चों का नाम स्कूल से कट जाएगा । हालत यह हो रही है कि गांव का किसान चार महीने बाद सरकार का जो देय है, वह अदा नहीं कर पाएगा तो उसके खेत-खलिहान और उसकी बीवी के जेवर बिक जाएंगे । हालत यह हो रही है कि जो खेतों में मज़दूरी करते हैं, एक महीने बाद वे दाने-दाने के लिए तरसने लगेंगे और भूखों मर जाएंगे । एक अजीब सी स्थिति पैदा हो रही है । अगर दस दिनों के अंदर पानी नहीं बरसा तो यह हालत हो जाएगी । दिल्ली में पानी नहीं मिल रहा है, एक तरफ तो आसमान में पानी नहीं है और दूसरी तरफ हमें ज़मीन पर भी पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है । ...(व्यवधान)...

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तरांचल): आंखों में पानी नहीं है ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): क्या सरकार की आंखों में पानी नहीं है ?

श्री जनेश्वर मिश्र : सभापति महोदय, दिल्ली की हालत यह हो गई है कि कई मोहल्लों में दो-तीन दिनों से पीने का पानी नहीं है । ज़मीन के नीचे का पानी निकालने के लिए भी तो बिजली का इस्तेमाल करना पड़ेगा । गांवों में बिजली आठ-आठ, दस-दस दिनों तक गायब रहती है । अभी मैं अपने गांव गया था, तीन दिन वहां रहा और उन तीन दिनों में एक घंटे के लिए भी बिजली नहीं आई । मैंने कलेक्टर से पूछा कि क्या कर रहे हो, बिजली तो दिलवाओ, पंखा तो चल जाए तो उसने कहा कि क्या करें, बिजली है ही नहीं । यह हालत है गांवों की । छोटे कस्बों की भी यही हालत है । वहां बिजली नहीं मिलती है । दिल्ली शहर में बिजली गायब है । खैर यह तो राजधानी है, यहां हल्ला-गुल्ला करके लोग बिजली ले ही लिया करते हैं लेकिन छोटे शहरों में, गांवों में बिजली नहीं मिलती है । बिना बिजली के ज़मीन के नीचे का पानी नहीं निकल सकता है । ज़मीन के नीचे के पानी की सतह भी नीची होती चली जा रही है, उसको निकालने में भी दिक्कत है । हमने गया के बारे में पढ़ा कि वहां के किसान थोड़ा स्वयंसेवकी करके, वॉल्यंटरी करके कुछ तालाब भर रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश में तालाबों की यह हालत हो गई है कि एक भी तालाब नहीं रह गया है । जो भी दबंग आदमी हुआ, उसने तालाब पर कब्ज़ा करके अपना मकान बना लिया । पट्टे हो गए सरकार की तरफ से । यह हालत हो गई है तालाबों की,

दुर्दशा की हालत है । कहीं भी कोई भी तालाब दिखाई नहीं देता है गांवों में । वह रखा तो इसलिए जाता था कि कभी आफत आएगी तो तालाब को भरकर पानी रखा जाएगा ताकि खेतों की सिंचाई हो सके, वह नहीं है। हमने गया के किसानों के बारे में पढ़ा कि वे तालाब भरने का कोई रास्ता निकाल रहे हैं, लड़के खुदाई कर रहे हैं । उस खुदाई का कोई मतलब नहीं होता है अगर वहां पानी नहीं है भरने के लिए । एक भयानक किस्म की स्थिति है । ज़मीन के नीचे पानी नहीं है, आसमान में पानी नहीं है । पहले कहा जाता था कि अगर पानी है तो जो खेत में पानी गिरता है, वह खेत का है, जो गांव में पानी गिरता है वह गांव का है और जो आसमान से पानी गिरता है, वह पाताल का है । पाताल का पानी गायब हो रहा है । आसमान का पानी बरस ही नहीं रहा है । खेत का पानी सूख गया है और गांव का पानी जो तालाब वगैरह का था, वह सब खत्म हो गया है ।

हमने गया के लोगों के बारे में आज ही अखबार में पढ़ा कि वे वालेंटरी तालाब खोद रहे हैं, फावड़ा चला रहे हैं । तो हमको संतोष हुआ, लेकिन वे करेंगे क्या? ऐसी हालत में हमको सोचना पड़ेगा। मैं कोई कटु होकर नहीं बोल रहा हूं, कोई विरोधी की हैसियत से नहीं बोल रहा हूं। अपने दिल का दर्द बता रहा हूं कि भयानक स्थिति आने वाली है, बहुत भयानक। शायद वह स्थिति आ जाए कि शायद लोग भूख से तड़प-तड़पकर सड़क पर मर जाएं। लोगों को खाने के लिए ही नहीं रहेगा तो हम जिंदा कैसे रहेंगे। हमारे देश में खाने की चीज पैदा नहीं होगी। मैं कारखानेदारों से कहना चाहता हूं कि तुम्हारा कपड़ा अगर नहीं बनेगा तो हम बिना कपड़े के जी सकते हैं। तुम्हारी सीमेंट नहीं बनेगी तो हम बिना सीमेंट के जी सकते हैं। लेकिन बिना रोटी और चावल के हम जी नहीं सकते। सब्जियां सूख गई, उनके भाव चढ़ गए। हो सकता है कि 15-20 दिनों के बाद हम लोग बिना सब्जी के खाना खाएं। हो सकता है कि कोई फसल न हो सके, बाजार बिगड़ जाएं तो उस समय हम बिना रोटी के दो-रात तीन रात गुजार दें। देश की जब ऐसी तस्वीर बन जाया करती है कि आम जनता अपनी दैनिक जिंदगी की जरूरत से जूझने लगती है, उसके मन की सारी मर्यादाएं टूट जाती हैं और देश की जब यह हालत हो जाती है कि सत्ता में बैठे हुए लोग धुत्त होकर देश के लोगों की परवाह न किया करें। गौतम जी की निगाह में उनकी तब आंख का पानी मर जाता है। सरहद पर दुश्मन सक्रिय है। वही मौका हुआ करता है दुश्मन की हरकत का। वह जानता है कि देश को कमजोर किया गया है। वह जानता है कि जनता को कोई दिलचस्पी नहीं है। वह जानता है कि सत्ता नशे में है। कुर्सी का नशा भी बड़ा हुआ करता है और पता नहीं कितने किस्म के नशे अखबारों में छप रहे हैं। ऐसी हालत में जब मुल्क कमजोर होगा तो महोदय, दुश्मन हम पर कब्जा करने की कोशिश में है। कई देशों के इतिहास और हमारे देश के इतिहास भी कई पन्नें में भरे हैं कि हमारे राजा और महाराजा अय्याशी में मस्त थे, जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी तब दुश्मन ने कब्जा कर लिया। बड़ी भयानक स्थिति है। यह थाली की रोटी का सवाल नहीं है, पानी का सवाल नहीं है, औरत की इज्जत का सवाल नहीं बल्कि सोचिए की मुल्क की अस्मिता और उसकी आजादी का सवाल है, जो आकर फंस गया है। इसलिए मैं अजित सिंह जी से आपकी मार्फत सवाल करूंगा कि हिम्मत है तो इस स्थिति का मुकाबला आपकी कैबिनेट नहीं कर पाएगी, मैं जानता हूं। इसमें अफसर हैं, वे जो सलाह देंगे, वह बेमतलब की होगी। जो बैठते हैं, वही बोला करते हैं। मैं उनकी पढ़ाई लिखाई जानता हूं, अच्छा सर। अगर ये अफसर गांव के ही किसान के बेटे हैं, इनको खेती के बारे में जानकारी होती है तो ये अफसरी की नौकरी करने आते? ये तो नौकरी इसीलिए करते हैं कि खेती से भागने की इच्छा थी। बड़ी मेहनत का काम है, गंदा काम है, धूल लगती है और कपड़े

गंदे होते हैं। ये इसीलिए आकर आफिसर या दूसरे धंधे में जाते हैं। ये हमारे ही बेटे हैं लेकिन इनकी दिलचस्पी नहीं है। अजित सिंह जी भी नहीं जानते होंगे, उनकी दिलचस्पी भी हम जानते हैं। चौधरी साहब बोला करते थे कि मैं तो किसान का बेटा हूं, थोड़ी बहुत खेती जानता हूं, बैल की रस्सी पकड़ सकता हूं लेकिन मेरा बेटा तो किसान का बेटा नहीं है, वह बैल की रस्सी नहीं पकड़ सकता। उनके हाथ में हिन्दुस्तान की कृषि व्यवस्था दी गई है। चौधरी साहब ने यहां हम लोगों से कहा था कि किसान कैसे हो सकता है? मैं तो हूं क्योंकि मेरा बाप किसान था। मैंने दरवाजे पर बैल की रस्सी पकड़ी है, उसका नाता है। फिर भी खून तो है, संस्कार तो हैं। मैं उसकी बुनियाद पर इनसे अपील करूंगा कि जरा बहुत बढ़िया हिम्मत दिखाइये। यह सही है कि हम कई युद्धों की चर्चा किया करते हैं। कलाम साहब को मुबारकबाद देते हैं कि उन्होंने एक हथियार ऐसा दे दिया कि दुनिया के उस हथियार की लाइन में हम चले गए। कई बार, कई तरह की चर्चाएं करते रहते हैं, दुश्मन देश से। लेकिन हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी दुश्मन इस समय भुखमरी, गरीबी होने जा रही है। इस दुश्मन से लड़ने के लिए कौन सी नीति यह सरकार बनाएगी? इसके लिए आफत के रूप में कई रास्ते आएंगे, कभी कुदरत आएगी। हिन्दुस्तान की भौगोलिक स्थिति का नक्शा इतना अजीब है कि किसी एक देश में इतने किस्म का भूगोल नहीं होता।

हिमालय से लेकर अरब सागर के किनारे और इधर बंगाल की खाड़ी के किनारे कितने किस्म का भूगोल है । यह कभी-कभी हमारे लिए वरदान होता है और कभी-कभी अभिशाप होता है । आज अभिशाप बनकर आया है इसलिए मैं चाहूंगा कि कृषि मंत्री और सरकार इसे गंभीरता से लें । लोगों की फसल सूख गई है । सूखा या अकाल घोषित करने के क्या पैमाने हुआ करते हैं ? क्या आज वह स्थिति नहीं आ गई है ? आप इंतजार कर रहे हैं कि दस दिनों में पानी बरस जाए और सूखा घोषित न किया जाए । पूरे देश को सूखा घोषित किया जाना चाहिए। सूखा घोषित करने का मतलब यही होता है कि जितने सरकारी देय हैं वे किसान से नहीं लिए जाएं । जो चालाक सरकारें होती हैं वे उन्हें मुल्तवी करती हैं लेकिन मै मांग करूंगा वे सारे के सारे माफ किए जाएं । जो खेतिहर मजदूर हैं, जिनके खाने का कोई इंतजाम नहीं है, उनके लिए राहत कार्य खोले जाने चाहिएं, तालाब खुदवाने चाहिएं तथा अन्य दूसरे कार्य जैसे काम के बदले अनाज की योजना चलाई जानी चाहिए । जब अभाव आता है तो छोटे-छोटे बच्चे और बूढ़े जो न काम कर सकते हैं, न काम के बदले अनाज ले सकते हैं वे कुपोषण का शिकार होकर मर जाया करते हैं । सरकार को दिल खोलकर इस पर फैसला करना चाहिए । खंड भोजनालय, ब्लॉक के तौर पर अपाहिज किस्म के लोगों के लिए, जिनके खाने का इंतजाम नहीं है, कम से कम उनके लिए तो एक जून, दो जून की रोटी का इंतजाम किया जाए । रजिस्टर बनाकर किया जाए । लाम भोजनालाय, सबके लिए, जो अपाहिज हैं उनके लिए और जो काम करने लायक हैं उनके लिए काम के बदले अनाज । जो किसान हैं उनके बेटों की फीस माफ होनी चाहिए, उनके सारे सरकारी देय माफ होने चाहिए । आज उत्तर प्रदेश का किसान ऐसी चपेट में फंसा है कि जब मैं उनसे बात करता हूं तो वह रोने लगता है । समझता है कि नेता है । इसने हमारे सुख-दुख में काम किया है । उसके साथ वाकई जज्बाती रिश्ते हैं लेकिन आज वह जिस चपेट में फंसा हुआ है, उसमें हम भी कुछ नहीं कर सकते हैं । हमने इतना कहा कि तुम आसमान मत देखो, सड़क पर उतरना सीखो । सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह तुम्हारे खेत-खलिहान की हिफाजत करे, पानी बिजली का इंतजाम करे । उत्तर प्रदेश में बिजली बिल्कुल नहीं है, फेल हो गई है । वहां की सरकार बार-बार कहती है कि हम बिजली दिलाएंगे । अधिकारियों को

कसना चाहती है लेकिन लगता है कि उसकी मुट्ठी कमजोर है क्योंकि दो सोच के लोग वहां मिल गए हैं । मैं चाहूंगा कि इस पूरी भयानक स्थिति में राज्य सरकार को अपने पर न छोड़ा जाए । केंद्र सरकार को कंटीन्जेंसी प्लान बनाना चाहिए जहां सूखा पड़ा है । सूखे में कोई एक क्षेत्र नहीं है । कितने सूखाग्रस्त गांव चुन लिए गए हैं ? अगर बीस गांव सूखाग्रस्त मान लिए जाएं, उसकी बगल में पानी नहीं बरसे तो दूसरा गांव भी सूखाग्रस्त हो जाएगा । उत्तर प्रदेश के सारे के सारे गांव सूखाग्रस्त घोषित किए जाएं और उसके बाद सूखाग्रस्त क्षेत्र का पैमाना बताया जाए । अब तक जो पैमाना चलता रहा है वही चलेगा लेकिन आज उससे आगे बढ़कर खोजना होगा । लोकतंत्र के बहुत साल हो गए । लोग जनप्रतिनिधियों से उम्मीद करते हैं । गांव का किसान बहुत पढ़ा-लिखा नहीं होता । वह अनजाने भगवान की तरफ देखा करता है । आज उत्तर प्रदेश का किसान चलते-फिरते भगवानों की तरफ भी देख रहा है कि वे ही हमें राहत देंगे । मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इस पर गंभीरता से सोचेगी और इस विषय पर बेमतलब की बहस नहीं करेगी कि पंद्रह सैकड़ा, तेरह सैकड़ा या पच्चीस सैकड़ा का नुकसान हो गया है । यह अफसरशाही आपको फंसा देगी । किसी के दर्द को समझने के लिए अफसरशाही के पैमाने का इस्तेमाल मत कीजिए क्योंकि यह बहुत गलत किस्म का थर्मामीटर होता है । किसी के दर्द को समझने के लिए उसके दरवाजे तक जाना पड़ेगा तब आप समझ जाएंगे कि वह किस हालत में है। धान कि जो बेहन बोई गई थी उसमें पानी तो रखा गया था लेकिन धूप की रोशनी से वह ऊपर ही ऊपर सूख गई ।

यह एक भयानक स्थिति है। मैं नहीं जानता कि सरकार इन पूरी परिस्थितियों से वाकिफ है कि नहीं। अगर वाकिफ है तो उसे वक्त रहते उठ जाना पड़ेगा और एक-दो दिन के अंदर ही, यह नहीं कि कैबिनेट दस दिन के बाद तय करेगी। 15 दिनों तक तो पानी बरस ही जाएगा। अब हमको क्या करना है, यह आफत को टालने के लिए अफसरशाही तरीका हुआ करता है। उससे अलग हटकर सरकार को कदम उठाना पड़ेगा। धन्यवाद।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): आदरणीय सभापति महोदय, इस मानसून सत्र में हम सूखे की भयावह स्थिति पर चर्चा कर रहे हैं। यह विडम्बना है कि मानसून समय पर न आने के कारण मानसून सत्र की जो रौनक है वह फीकी पड़ गयी है। सरकार की रौनक तो फीकी पड़ी ही हुई है। मान्यवर, यह बड़ी अजीबोगरीब बात है कि देश के सत्ता सूत्र को संभालने वालों के लिए, चर्चा करने के लिए, बहस के लिए कई विषय होते हैं, वे विषय भी महतवपूर्ण हुआ करते हैं, मैं उससे इन्कार नहीं करता, लेकिन प्राथमिकता और वरीयता किन विषयों को दी जानी चाहिए, यह हम जैसे प्रतिनिधियों के लिए एक सोच का विषय है और निश्चित रूप से मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि प्राथमिकता और वरीयता वाले विषयों की जब बात आती है तो सूखे जैसे विषय को बहुत पीछे रखा जाता है। कृपापूर्वक आपने इस विषय पर चर्चा करने के लिए आज अवसर प्रदान किया है।

आज स्थिति यह है कि देश का बहुत बड़ा हिस्सा इन दिनों भयंकर सूखे की चपेट में है। मान्यवर, इस देश के 12-13 ऐसे राज्य हैं जो लगभग हर बार सूखे की चपेट में आते हैं। स्थिति यह बनी हुई है। माननीय मिश्र जी ने यह कहा कि हम आंकड़ों के जाल में न फंसे। लेकिन हम वास्तविकता को नकार नहीं सकते। स्थिति यह है कि 50 वर्ष के बाद भी जो 60 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले इन्सान, किसान हैं वे आज भी बारिश पर अवलम्बित हैं, आलम्बित हैं। वे इस बात की फिक्र करते हैं कि इन्द्र देवता प्रसन्न हो जाएं ताकि समय पर बारिश हो जाए

और उन कृषकों को सूखे जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। आज स्थिति यह है कि जब मैं कह रहा हूं कि इस देश का अधिकांश भाग सूखे की चपेट में है तो मुझे यह कहने की भी इजाजत दीजिए कि पांच करोड़ से ज्यादा लोग इस सूखे की वजह से खाद्यान्न और पानी की कमी महसूस कर रहे हैं। यह स्थिति बन गयी है, इसकी विकरालता की स्थिति यह हो गयी है। मानसून के मौसम में हालत यह है कि किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाकर देख रहा है और मानसून समय पर नहीं आ पा रहा है। उसकी स्थिति यह बन गयी है।

मैं जिस प्रदेश मध्य प्रदेश से आता हूं, उस मध्य प्रदेश का पूर्वी हिस्सा, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, राजस्थान, कर्णाटक, उत्तर प्रदेश, ये ऐसे राज्य हैं, और ऐसे अनेक राज्य हैं जो सूखे की चपेट में हैं। लेकिन समय पर हम कोई कदम नहीं उठा पा रहे हैं। हर बार जब सदन में ऐसा अवसर आता है, हम चर्चा करते हैं। लेकिन इसका कुछ दीर्घकालिक उपाय हम नहीं खोज पाते हैं। हम कोई दीर्घकालिक नीति तय नहीं कर पाते हैं और उसका परिणाम यह होता है कि हर बार या तो सूखे की स्थिति पर चर्चा करते हैं या कहीं बारिश बहुत ज्यादा हो जाती है तो बाढ़ की स्थिति पर चर्चा किया करते हैं।

मान्यवर, प्रतिवर्ष इस सूखे की वजह से अरबों-खरबों का नुक्सान हो रहा है। सूखे की स्थिति से निपटने के लिए जो समय पर नीति अपनायी जानी चाहिए, जो कदम उठाने चाहिए वे कदम नहीं उठाए जाते हैं। माननीय कृषि मंत्री जी का वक्तव्य मैंने पिछले सप्ताह सुना था। उन्होंने कहा कि अब अगर समय पर और बारिश नहीं आई तो हमको सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने पड़ेंगे। कई राज्यों में हमको घोषित करने पड़ेंगे। प्रश्न यह है कि हम क्या कदम उठाने जा रहे हैं। ईश्वर करे यह न हो, लेकिन आगे अगर बारिश न हो तो हम क्या कदम उठाएंगे। किसानों को बताया जाए कि वे कौन सी फसल बोएं जिसकी वजह से उन्हें ज्यादा नुकसान न उठाना पड़े।

मिसाल के तौर पर, क्योंकि मैं किसान परिवार से संबंधित हूं इसलिए मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं अगर बारिश समय पर नहीं आती है, सूखा पड़ता है और सोयाबीन की फसल यदि बोई जाती है तो उसकी पैदावार नहीं हो सकती है । मैं उस मध्य प्रदेश से आता हूं जहां हिन्दुस्तान में सब से ज्यादा सोयाबीन की पैदावार होती थी लेकिन मध्य प्रदेश में चूंकि सूखे की स्थिति हो गई है इसलिए वहां किसानों ने सोयाबीन बोना बंद कर दिया है । वहां बाजरे की बुवाई हो रही है । अन्य चीज़ों की बुवाई के लिए राज्य सरकार ने किसानों को निर्देश दिए हैं । इस प्रकार के निर्देश समय पर दिए जाने जरूरी हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि इस विषय में हमारा मौसम विभाग क्या कर रहा है । हम कहते हैं सूखा संहिता बननी चाहिए । ठीक है, सूखा संहिता बने, जो बताए कि सूखे से निपटने के लिए किसान क्या कदम उठाएं, लेकिन इस बारे में मौसम संहिता भी बननी चाहिए । यह जो अंतरिक्ष विभाग है यह क्या कर रहा है । मान्यवर, अंतरिक्ष विभाग का एक विंग ऐसा है कि जो यह बताता है कि देश के किन भागों में सूखा पड़ने का अंदेशा है । एक विभाग ऐसा है जो बता देता है कि देश के किन भागों में पानी की कमी होने वाली है । जब वह यह पहले से इंगित कर देता है तो उस इलाके में पहले से हम काम क्यों नहीं करते हैं? कई प्रकार की योजनाएं केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं और कई प्रकार की योजनाएं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं । उन योजनाओं को प्रारंभ से ही उन इलाकों में क्यों नहीं लागू किया जाता है, यह एक सोचने और विचारने की बात है । हमारे देश में हम यह कहते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने काफी तरक्की कर ली, लेकिन उसका हम अभी तक क्या

लाभ ले पा रहे हैं, यह देखने की बात है । हमारे देश में नदियों का जाल बिछा हुआ है। मोटे अनुमान से हालत यह है कि हमारे देश की 4 प्रतिशत भूमि नहरों से सींची जाती है। हमारे यहां नदियों की बाढ़ है, एक तरीके से अपरमपार नदियां हैं, लेकिन उनका जो अपरमपार पानी है उसका हम समुचित उपयोग नहीं कर पा रहे हैं । कुछ जगह तो स्थिति यह है कि पानी बह जाता है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है । कुछ जगह स्थिति यह है कि पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है तो वहां उपयोग करने की स्थिति क्या हो सकती है, इस बारे में हम लोग विचार कर सकते हैं । मान्यवर, सब से महत्वपूर्ण समस्या है कि आखिर सूखे के मूल में क्या है । इस सब के पीछे कारण यह है कि हम जल संग्रहण की कोई नीति नहीं बना पाए हैं । कंज़र्वेशन ऑफ़ वॉटर की हम कोई नीति नहीं बना पा रहे हैं। जो एक्सप्लोयटेशन ऑफ़ वॉटर है उसको रोकने के लिए हमें कोई कदम नहीं उठा पा रहे हैं । जो रेन वॉटर हॉरवेस्टिंग है उसका समुचित उपयोग हो, उसके लिए हम कोई कदम नहीं उठा पा रहे हैं और स्थिति यह हो रही है कि जल संरक्षण नहीं हो पा रहा है । रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रोपर नहीं हो पा रही है । ग्राउंड वॉटर का एक्सप्लोयटेशन हम रोक नहीं पा रहे हैं और अब बारिश की कमी हो रही है तो अवर्षा के कारण हमारे देश के कई प्रदेशों को सूखे की स्थिति से निपटना पड़ रहा है । जैसे मैंने कहा, मान्यवर, मैं उस प्रदेश से आता हूं, मध्य प्रदेश से जो सूखे की चपेट में है, वहां स्थिति यह है कि अवर्षा के कारण 50 प्रतिशत से अधिक खरीफ की फसल हो नहीं पा रही है, किसान उसे बो नहीं पा रहे हैं । वहां 34 से ज्यादा ऐसे जिले हैं जहां सामान्य से कम वर्षा हुई है । जो सामान्य वर्षा होती है वह 262 मि0मी0 होती है । लेकिन अभी भी मध्य प्रदेश में जो वर्षा हुई है वह 159 मि0मी0 ही हो पायी है । यह मैं केवल मध्य प्रदेश की स्थिति का जिक्र कर रहा हूं । स्थिति यह है कि जो सूखा ग्रस्त शहर हैं, उसके 36 शहर ऐसे हैं जहां अल्प वर्षा के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है । आपने टीवी में सुना होगा कि भोपाल में पुराने भोपाल को एक दिन पानी दिया जा रहा है और नए भोपाल को दूसरे दिन पानी दिया जा रहा है । यह नगरीय प्रशासन वाली स्थिति का मैं आपको वर्णन कर रहा हूं । इसलिए इस विषय में इस स्थिति का कोई स्थायी निदान निकालने की जरूरत है । आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम प्रति वर्ष इस पर चर्चा करें और चर्चा करने के बाद एक औपचारिकता हम पूर्ण कर लें और इससे हम अपने कर्त्तव्य की इतिश्री मान लें । स्थिति यह है कि हमें विचार करना पड़ेगा कि सूखे के प्रभाव से क्या-क्या असर होता है । इससे पर्यावरण पर असर होता है और जब पर्यावरण पर असर होता है तो स्थिति यह है कि फसल और वनोपज की पैदावार में काफी कमी आ जाती है । स्थिति यह है कि इससे जल स्तर में गिरावट आ जाती है ।

महोदय, जब हम इस के सामाजिक प्रभाव की बात करते हैं तो पाते हैं कि नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पाता है । इस में खास तौर से महिलाएं शिकार होती हैं और महिलाओं को रोजगार न मिलने की वजह से उन्हें कई प्रकार की असहनीय स्थिति का सामना करना पड़ता है जिस का बहुत ही संवेदनशील चित्रण अभी आदरणीय जनेश्वर मिश्र जी ने प्रस्तुत किया है । उन का लोग शोषण करते हैं और उन्हें शोषण सहने के लिए मजबूर होना पड़ता है । इस के सामाजिक प्रभाव से गरीबी बढ़ जाती है, बेरोजगारी बढ़ जाती है, पुनर्वास की समस्या बढ़ जाती है, जानवरों के लिए चारे की समस्या हो जाती है क्योंकि अवर्षा की स्थिति के कारण चारा नहीं हो पाता है, जानवरों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर पलायन होता है, गांवों से शहरों में लोगों का पलायन होता है । इस कारण शहरों पर दबाव बढ़ जाता है और जल प्रदूषण की समस्या हो जाती है । जल प्रदूषित होने से लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

महोदय, ये तो सामाजिक प्रभाव हुए, सूखे के आर्थिक प्रभाव के अंतर्गत अन्न और ऊर्जा की कमी हो जाती है । किसान को आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है । उस की उपज कम हो जाती है, वनोपज में कमी हो जाती है और उस को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है । पर्यटन के उद्योग पर भी असर पड़ता है । ये सारी परिस्थितियां हैं जिन के कारण किसान, मजदूर और आम आदमी पर निश्चित रूप से असर पड़ता है । मान्यवर, यह तो मध्य प्रदेश की स्थिति है, लेकिन राजस्थान में भी पिछले 4 वर्षों से लगातार सूखा पड़ रहा है । इस के अलावा और भी कुछ राज्य हैं जहां कि लगातार सूखा पड़ रहा है । मेरे राजस्थान के साथी बोलेंगे तो वे विस्तार से वहां की स्थिति का जिक्र करेंगे । महोदय, ऐसे कुछ राज्य आइडेंटीफाइ किए जाने चाहिए जहां लगातार सूखा पड़ रहा है और उन के बारे में केन्द्र सरकार की क्या नीति है ? हम कहें कि अमुक राज्य को इतना पैसा दे दिया, लेकिन वे राज्य जहां लगातार सूखा पड़ रहा है, उन राज्यों के लिए नीति निर्धारित करने की आवश्यकता है । जहां पीने के पानी की समस्या है तो वहां पीने के पानी की समस्या से निपटने के लिए सरकार की तरफ से क्या नीति बनाई गई है, यह देखा जाना चाहिए । महोदय, कर्नाटक में 27 से ज्यादा डिस्ट्रिक्ट्स में सूखे की स्थिति निर्मित हुई है । इस के अलावा पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों में भी सूखे की स्थिति से भी काफी लोग परेशान हैं और स्थिति यह है कि साउथ एशिया में भारत में सब से ज्यादा सूखा पड़ा है । यदि हम बीसवीं और उन्नीसवीं सदी में पड़े सूखे का आंकलन करें तो पाते हैं कि उन्नीसवीं सदी में 25 बार हमारे देश में सूखा पड़ चुका है और अठारहवीं सदी में 20 बार सूखा पड़ चुका है । महोदय, दुर्भाग्य की बात यह है कि इस सब के बाद भी हम इस बारे में कोई नीति नहीं बना पाए हैं । हमारे देश में 107 मिलियन हैक्टेयर भूमि सूखे से प्रभावित हो रही है और जब हम इतनी ज्यादा भूमि का सही उपयोग नहीं कर पाएंगे तो हमारे किसान की हालत बेहतर कैसे होगी ? महोदय, जब किसान की हालत बेहतर नहीं होगी तो देश की हालत बेहतर नहीं हो सकती और जब देश की हालत बेहतर नहीं होगी तो हम गर्व के साथ नहीं कह सकते कि हम उस देश के वासी हैं जिस देश में यह स्थिति निर्मित हो रही है ।

महोदय, यह स्थिति है जिस का मैं जिक्र करना आवश्यक समझता हूं । महोदय, दो-तीन बातों पर गौर करने की जरूरत है । एक बात यह है कि हम जल व्यवस्था का मूल्यांकन बहुत बारीकी से करें, बहुत ईमानदारी से करें और एक समय सीमा के अंदर कोई नीति निर्धारित करें । दूसरी बात, यह कि जहां जल भारी मात्रा में है, उस जल को जहां जल उपलब्ध नहीं हो रहा है, वहां पहुंचाने की व्यवस्था करें और उपलब्ध प्राकृतिक जल के सही इस्तेमाल के लिए कोई नीति निर्धारित करें । मान्यवर, भाई मिश्र जी ने सही बात कही कि हम एअरकंडीशंड कमरों में बैठे योजनाकारों पर निर्भर होकर ही इस स्थिति का सामना नहीं कर सकते हैं क्योंकि सूखे की विभीषिका क्या हुआ करती है, सूखे का दर्द क्या हुआ करता है, इस बारे में, मैं यह तो नहीं कहूंगा कि उन को ज्ञान नहीं होता है, हां अनुभव नहीं होता है । वह उस के दर्द और पीड़ा को समझ नहीं पाते हैं ।

हमारे यहां अथर्ववेद में कहा गया है कि उपलब्ध जल और संरक्षण के द्वारा सूखा टाला जा सकता है, लेकिन हमारे देश में न तो उपलब्ध जल का सही इस्तेमाल हो पा रहा है और न ही जल संरक्षण ठीक हो पा रहा है । इसलिए अथर्ववेद में कही गई यह बात अपने आप में अक्षरश: सही साबित होती है, जो हमारे यहां सूखा नहीं टल पा रहा है ।

1.00 p.m.

MR. CHAIRMAN: Mr. Pachouri, now, it is one o'clock. You can continue after lunch. The House is adjourned for lunch till two o'clock.

The House then adjourned for lunch at one of the clock

The House reassembled after lunch at two of the clock

THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

श्री संघ प्रिय गौतम : नमस्कार मैडम ।

उपसभापति : नमस्कार । हम लोग ड्राउट पर डिस्कशन कर रहे हैं और यहां हाऊस में भी ड्राउट हो रहा है । वैसे तो सब लोग बहुत लड़ाई झगड़ा करके बोलते हैं कि डिस्कशन करो, डिस्कशन करो और जब डिस्कशन होती है तो कोई सुनने वाला नहीं होता ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडम, बारिश शुरू हो गई है ।

उपसभापति : कहां, बाहर हो रही है क्या ?

श्री संघ प्रिय गौतम : नहीं, देश में हो रही है - लखनऊ में हुई, जौनपुर में हुई, कासगंज में हुई ।

उपसभापति : देश तक पहुंचने का मौका ही नहीं मिल रहा, यहां से ही बाहर निकल जाऊं तो बहुत है । सुरेश पचौरी जी, आप कांटीन्यू कीजिए । मध्य प्रदेश में बारिश हो रही है तो आपको क्या जरूरत है सूखे पर बोलने की ।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभापति महोदया, मध्य प्रदेश पिछले तीन वर्षों से लगातार सूखे की चपेट में है कल कुछ पानी गिरा था, लेकिन जैसा मैंने बताया था कि लगभग 34 जिले मध्य प्रदेश के सूखे की चपेट में हैं । आपने मध्य प्रदेश की बात छेड़ी है इसलिए मैं आपसे गुज़ारिश करना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश सरकार ने ....

उपसभापति : पचौरी जी, एक मिनट । मंत्री जी खाली इतना पूछ रहे थे कि इस चर्चा के लिए चार घंटे का समय है और यह 12:30 बजे शुरू हुई थी, तो जवाब कल कर लेंगे, आज नहीं हो पाएगा । जितना बोलेंगे, उतनी बारिश होगी । तो रिप्लाई कल हो जाएगी ।

श्री सुरेश पचौरी : महोदया, मध्य प्रदेश के लगभग 35 जिलों में सामान्य से कम वर्षा होने की वजह से काफी फसल प्रभावित हुई है, वहां पीने के पानी की भी भयावह स्थिति निर्मित हो गई है और मध्य प्रदेश सरकार ने, मैं चाहूंगा कि मंत्री जी कृपापूर्वक इसको नोट कर लें कि मध्य प्रदेश सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के लिए 64.23 करोड़ रुपए का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेजा है, लेकिन केन्द्र सरकार ने अभी तक उसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की है । पिछले तीन वर्षों से मध्य प्रदेश में, जैसा कि मैंने आग्रह किया, लगातार सूखा पड़ रहा है और इसको दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार को जितनी मदद करनी चाहिए थी, उसकी तरफ से उतनी मदद हो नहीं पाई है । कमोवेश यही स्थिति छत्तीसगढ़ की है । वहां लगभग 30 प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई हैं, लेकिन सैंट्रल टीम अभी तक छत्तीसगढ विज़िट करने नहीं पहुंच

पाई है । तो यह स्थिति मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की है । आवश्यकता इस बात की है कि जो किसान इस सूखे की वजह से प्रभावित हो रहे हैं उनकी हिम्मत बंधाए रखने के लिए समय पर और समुचित आर्थिक उपाय किए जाने बहुत आवश्यक हैं । इसके साथ ही साथ किसानों की ऋण अदायगी में तथा फसल नुकसान की भरपाई के लिए जो भी कदम उठाए जाने चाहिए, उन्हें उठाए जाने की बहुत जरूरत है क्योंकि जैसा कि मैंने कहा कि जो अभी आंकड़े उपलब्ध हैं, उनके हिसाब से लगभग 28 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि सूखाग्रस्त है । महोदया, 20वीं सदी में जितनी आपदाएं हुईं, यदि उनका दृष्टावलोकन करें तो हम पाएंगे कि उनमें से 60 आपदाएं सूखे से संबंधित हैं और बाकी दूसरे प्रकार की आपदाएं हैं । तो निश्चित रूप से सूखे की वजह से जो दिक्कत किसानों को उठानी पड़ती है, उस दिक्कत को दूर करने के लिए एक तो हमें देखना होगा कि उसके मूल में क्या है और दूसरी तरफ हमें यह देखना होगा कि उसके निदान और परमानेंट निदान के लिए क्या कदम उठाए जाने जरूरी हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि जो हमारे पुरखे थे, जो हमारे पूर्वज थे वह बहुत विद्वान, आधुनिक और वैज्ञानिक भले ही न हों लेकिन वह दूरदर्शी थे। दूरदर्शी मैं इसलिए कह रहा हूं कि पहले कोई भी गांव में बसावत होती थी तो कुएं, बावड़ी, तालाब वहां होना आवश्यक था। कुएं, बावड़ी और तालाब का गहरीकरण कैसे हो, कैसे उसका रखरखाव हो इसके लिए लोगों को बताया जाता था लेकिन उस तरफ से हम लोगों का ध्यान किसी न किसी वजह से हट गया। आज जो योजनाकार हैं वह बड़ी-बड़ी योजना तो बना रहे हैं उस चकाचौंध में हम सिमटते ज: रहे हैं लेकिन हमारी जो पहले की व्यवस्था थी, जो पहले के तौर-तरीके थे जल संवर्द्धन के और जल के उपयोग में आने के उनसे हम दूर हटते जा रहे हैं, उन पर बहुत खासा ध्यान देने की जरूरत है। जैसे बरसात का पानी हम लोग किस तरीके से रोक सकते हैं, उस पानी का हम लोग कैसे उपयोग कर सकते हैं, केवल हम आधुनिक तरीकों पर ही निर्भर रहेंगे तो निश्चित रूप से यह आधुनिक साधन हमको धोखा देते रहेंगे ऐसा मैं मानकर चलता हूं। इसलिए जब जल संरक्षण की बात आती है तो जो परम्परागत उपाय थे, जो साधन थे जल संग्रहण करने के लिए उन पर बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अक्सर कहा जाता है कि आगे सूखा न हो उससे बचने के लिए पक्का इंतजाम करो। पक्का इंतजाम कैसे किया जाए उसके लिए तालाबों के रखरखाव की जरूरत है, उसके लिए कुओं और बावड़ियों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है, पेड़ों को बचाने की जरूरत है, जंगल न कट पाएं यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है और फिर सूखा न आए इसके लिए कुछ योजना बनाने की जरूरत है। महोदया, प्रश्न यह है कि इसके लिए अभी तक क्या-क्या कार्यक्रम किए गए। हम केवल दोषारोपण इस या उस सरकार को करें इस या उस समय को करें क्योंकि लम्बे समय से सूखा चल रहा है। लेकिन जो कदम उठाए जाने चाहिए थे उन कदमों में क्या कमी आई है, इस अवसर पर उसकी तरफ मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। एक नेशनल लेविल पर वाटर ग्रिड मिशन बनाने का सुझाव आया था। एक डा0 के0एल0 राव की भी एक कमेटी 1972 में बनी थी उसने कुछ सुझाव दिए। उस कमेटी के बाद एक हाशिम कमेटी बनी जिसने 30-9-99 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की उन पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है। उन पर अमल करने की बहुत ज्यादा जरूरत है लेकिन इसके साथ-साथ यह जो महत्वपूर्ण और संवेदनशील गंभीर मुद्दा है इससे संबंधित जो कार्यक्रम चल रहे हैं उन पर ज्यादा पैसा आबंटित करने की आवश्यकता है। यद्यपि वित्त मंत्री जी यहां उपस्थित नहीं हैं वरना उनकी उपस्थिति का लाभ लेता लेकिन पूर्व वित्त मंत्री जी हमारे कृषि मंत्री जी के बिल्कुल पड़ोस में बैठे हुए हैं, मैं चाहूंगा कि जो कार्यक्रम सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम चल रहे हैं, मरु भूमि विकास कार्यक्रम चल रहे

हैं, समेकित परती भूमि विकास कार्यक्रम चल रहे हैं इसके अलावा पनधाराओं के लिए जो पैसा दिया जाता है, यह पैसा ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त जो रोजगार आश्वासन योजना है, जवाहर ग्राम समृद्धि योजना है, इन योजनाओं के तहत भी ज्यादा से ज्यादा पैसा देने की आज बहुत आवश्यकता हो गई है। जबकि हिन्दुस्तान के आधे से ज्यादा राज्य सूखे की चपेट में हैं। मैंने कहा कि सूखे का प्रभाव मानव जाति पर ही नहीं पड़ रहा है इसका असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ रहा है। पशुओं के लिए जो चारा मिलना चाहिए वह उनको नहीं मिल पा रहा है। दूसरे प्रदेशों से जो चारा जाए, वह रेलगाड़ियों के जरिए से जाता है, ट्रांसपोर्टेशन के जरिए जाता है इसमें सरकार की तरफ से जो रियायत मिलनी चाहिए, महोदया, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि वह रेल मंत्री जी से इस बारे में पहल करें कि सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए जो चारा जाएगा वह बिना शुल्क के जाएगा उसके लिए रेल विभाग कोई पैसा नहीं लेगा। यह कोई नई व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार का अरेंजमेंट पहले भी किया गया है, पहले भी इस प्रकार की सरकार ने पहल की है। इसके अतिरिक्त महोदया, वाटर ग्रिड जलग्रहण मिशन, मरुस्थल सुधार, परती भूमि सुधार, इन योजनाओं को एक समेकित करके एक दीर्घकालिक योजना बनाने पर सरकार को विचार करना चाहिए। जैसा मैंने कहा हम इस मानसून सत्र में मानसून न होने की वजह से केवल सूखे से संबंधित चर्चा करके कमियां गिनाएं उससे काम नहीं चलना है। हमें कुछ उपायों के बारे में विचार करना चाहिए। कौन-कौन सी योजनाएं बनाई, कौन-कौन सी सिफारिशें थीं, उन सिफारिशों को मूर्तरूप दें, तभी हम कुछ कर पायेंगे और इसके लिए मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि इसके लिए हम जनप्रतिनिधियों को आगे आना होना। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि वे राज्य जिन राज्यों में बहुत सूखा पड़ा हुआ है, उन राज्यों से जो जनप्रतिनिधि चुनकर आये हैं, उन्हें एक-एक दिन की तनख्वाह इस सूखा प्रभावित समस्या से निपटने के लिए वालेंटेरिली देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों से जो माननीय सदस्य चुनकर आये हैं, यदि वे भी एक दिन की तनख्वाह दे दें तो मैं सोचता हूं कि यह एक अनुकरणीय पहल होगी। इसका जनमानस में एक प्रभाव जायेगा कि हम लोग संसद में केवल सुझाव ही नहीं देते हैं बल्कि उस पर अमल भी करते हैं और इस सूखे की समस्या से निपटने के लिए कुछ बोझ को हल्का करने की कोशिश भी करते हैं।

महोदया, मैंने मेट्रोलॉजीकल डिपार्टमेंट के बारे में जिक्र किया था कि हम केवल सूखे की संहिता ही न बनाएं, मौसम संहिता भी बनाएं। मौसम विज्ञान की स्थिति यह है कि 15-20 दिन पहले, यह मेट्रोलॉजीकल डिपार्टमेंट हैं, चूंकि आप स्वयं विज्ञान की एक स्टूडेंट रही हैं, आप इस बात को भली-भांति समझती हैं कि 15-20 दिन पहले ही इस डिपार्टमेंट को बता देना चाहिए कि यहां मानसून आ सकता है और यहां पर नहीं आ सकता है जिससे कि वहां पर पहले से ही प्रिकोशनरी मेजर्स लिए जा सकें। लेकिन वैसा नहीं हो पाता है। इस दिशा में भी सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिए। ऐसा मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री संघ प्रिय गौतम : दिल्ली में फेल हो गया। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : क्या फेल हो गया ?

श्री संघ प्रिय गौतम : दिल्ली में मानसून दो दिन में आने वाला था, वह फेल हो गया।

उपसभापति : वेदरमैन हमेशा गलत बोलते हैं।

श्री सुरेश पचौरी: उपसभापति महोदया, मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि यदि जल का उचित प्रबधंन हो जाता है तो कृषि का भी अच्छा प्रबंध हो जाता है। जल, समृद्धि और कृषि ये सब एक दूसरे के साथ-साथ चलते हैं। स्थिति यह है कि यदि सूखे की वजह से गांव नष्ट होंगे तो इसका प्रभाव सब पर पड़ेगा । यदि गांव नष्ट होते हैं तो भारत की संस्कृति, भारत की परम्परा, भारत के संस्कार और भारत की प्राचीनता नष्ट हो जायेगी। इस पर हमें गौर करना चाहिए। इसलिए देश की दीर्घकालीन और सदैव रहने वाली समस्या के प्रति, खासतौर से सूखे के प्रति हमारा जो रवैया हो, वह बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। हम इसके लिए केवल तात्कालिक उपाय अपनाकर, तात्कालिक भागदौड़ न करें, बल्कि इसका कोई एक परमानेंट साल्युशन निकालें। इसका जो नेशनल वाटर ग्रिड मिशन है और इसके लिए इंटर वाटर बेसिन वाला जो प्रोग्राम है, विभिन्न राज्यों के बीच में जो डिसप्युट्स चल रहे हैं, उन डिसप्युट्स का समय रहते हुए समाधान निकालने की आवश्यकता है। यह मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं।

महोदया, दो-तीन बातें और कहकर मैं अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। अभी 2001 तक की जो स्थिति है, उसमें तो केवल 100 मिलियन लोग ही सूखे की वजह से प्रभावित हुए हैं, लेकिन अभी जो आंकड़े आये हैं, उनके अनुसार 150 मिलियन लोग सूखे की वजह से प्रभावित हुए हैं। लोग तो यह बता रहे हैं कि इसकी वजह से जल संकट भी पैदा हो जायेगा। इंटरनेशनल लेवल पर लोगों का यह सोचना है कि यदि अगला विश्व युद्ध हुआ तो वह जल पर होगा। इसलिए इस खतरे को भांपते हुए हमें समुचित कदम उठाने की आवश्यकता है। यही मैं आपके जरिए से निवेदन करना चाहता हूं। इस वक्त हम सूखे पर चर्चा कर रहे हैं और हमारे जो परम्परागत साधन जल संरक्षण के लिए हैं, उन्हें हमें अपनाना चाहिए। उनके साथ-साथ आधुनिक साधनों का भी हमें उपयोग करना चाहिए ताकि गांव का हर निवासी खुशहाल रह सके, हर किसान खुशहाल रह सके। क्योंकि यदि गांव में रहने वाले व्यक्ति के चेहरे पर शिकन होगी, यदि किसान के चेहरे पर चिंता की लकीरें होंगी तो भारत खुशहाल नहीं बन पायेगा। इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि सूखे की समस्या से भारत जूझ रहा है, भारत मैं जानबूझकर कह रहा हूं क्योंकि अधिकांश हिस्सा सूखे से जूझ रहा है, इसलिए पूरा भारत जूझ रहा है। इस समस्या को सरकार को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए और समय रहते कदम उठाये जाने चाहिए। धन्यवाद।

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदया, अभी पचौरी जी ने संकेत दिया। यह बात सरकार की ओर से आनी थी, लेकिन मैं एक बहुत छोटी सी सूचना दे रहा हूं, बहुत छोटी बात है हमारे मौसम विज्ञान विभाग के बारे में। जब मैंने उनसे बात की कि आपकी सारी भविष्यवाणियां गलत हो जाती हैं। देश भटक जाता है, इसका क्या कारण है ? उन्होंने जो कारण बताए, उनमें से एक कारण मैं आपको बताना चाहता हूं ।

उपसभापति : जब आपका समय आएगा तब बोलिएगा । आप इस तरह से बीच में कैसे बोल रहे हैं?

श्री बालकवि बैरागी : मैडम, केवल दो सैंटेंस कहना चाहता हूं । उन्होंने जो एक बात

कही है, क्योंकि यहां कृषि मंत्री जी इस बात को सुन रहे हैं, इसलिए मैं कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर उपकरणों के लिए 25 पैसा पर हैड के हिसाब से साल का सरकार की तरफ से मिलता है । कुल मिलाकर 25-30 करोड़ रुपए मिलते हैं, इतने कम पैसे में न हमारे उपकरण आ पाते हैं और न हम काम कर पाते हैं । जो भी बात कहते हैं, वह विश्वास के दायरे से बाहर हो जाती है । यह उनकी वेदना है इसलिए मेरा अनुरोध है कि इस पैसे को बढ़ाया जाए । ...**(व्यवधान)**... जी हां, भविष्यवाणी भी बाहर से उधार लेते हैं ।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभापति महोदया, मुझे सूखे के संबंध में अपने विचार व्यक्त करने के लिए आपने अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। इस समय पूरे पूर्वोत्तर भारत में सूखे की बड़ी विकराल स्थिति निर्मित हुई है । इस प्रकार की स्थिति पैदा हो गयी है कि लोगों ने अनुभव करना शुरू किया है कि अगर त्वरित कोई व्यवस्था नहीं की गयी तो आने वाले समय में आम जनमानस, विशेष रूप से गांव में रहने वाले लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं । केवल इतना ही नहीं, दुर्दशा तो इस प्रकार की निर्मित होती जा रही है जिसके कारण खरीफ की फसल जो अब इस समय तक काफी तैयार हो जानी चाहिए थी, वह बोयी ही नहीं जा सकी है । स्वयं राष्ट्रीय फसल भविष्यवाणी केन्द्र की तरफ से कहा गया है कि जो 406 लाख हैक्टेयर जमीन पर खरीफ की फसल बोयी जाती थी, इस समय तक उसमें केवल 20 लाख हैक्टेयर तक ही वह फसल बोयी जा सकी है । इतनी अधिक कृषि की जमीन खरीफ की फसल बोये बगैर ही खाली पड़ी है । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भविष्य में किस प्रकार की स्थिति निर्मित होने वाली है । विशेषकर इस समय मोटे अनाज ही बोए जाते हैं और वह मोटा अनाज सामान्य किसान के लिए, सामान्य मजदूर के लिए, उसका पेट भरने के लिए आवश्यक होता है । लेकिन उसकी यह स्थिति निर्मित हुई है । राष्ट्रीय फसल भविष्यवाणी केन्द्र की तरफ से यह बात भी कही गयी है कि धान की फसल, मोटे अनाज के अंदर बाकी सारी चीजें तो हैं ही, धान की फसल की इस समय तक मात्र 4.18 लाख हैक्टेयर में ही बुवाई हुई है जब कि पिछले साल इस समय तक 10.12 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में धान बोया जा चुका था । यह इस बात को प्रकट करता है कि पानी न रहने के कारण, वर्षा न होने के कारण कितना जबर्दस्त अंतर आ गया है । यह इस बात की ओर संकेत करता है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो भविष्य बड़ा भयंकर दिखाई पड़ेगा । इसके बारे में कल्पना करते ही डर लगता है कि क्या होने वाला है । इसी संदर्भ में जब हम मौसम विज्ञान के संबंध में विचार करते हैं और मौसम के बारे में जो सामान्य रूप से जानकारी प्रदान करते रहते हैं, उनकी जानकारी देखकर भी बड़ा आश्चर्य होता है । मैं उसको दोहराना नहीं चाहता क्योंकि आदरणीय श्री जनेश्वर मिश्र जी और पचौरी जी ने उसके संबंध में बताया । हमें तो ध्यान आता है जैसे घाघ का नाम लिया, घाघ कवि कितने बड़े मौसम विज्ञानी थे, आज भी पर्यावरण के संबंध में घाघ की कविताएं बड़ी प्रचलित हैं और मैं समझता हूं कि उसमें से 90 फीसदी से ज्यादा सत्य साबित हुई हैं । अभी भी ऐसा होता है । उनकी एक कहावत है, हमने देखा और आप भी अगर उसका आकलन करें और देखें तो सही सही साबित होता है। उनका कहना है -

"दिन को बदूर, रात भी बिवद्दर, बहे पुरवइया झब्बर झब्बर ।
घाघ कहें हम होव वियोगी, कुआं खोद-खोद कर धोइयँ धोबी।।"

अर्थात् जब दिन में बदली हो और रात में पुरवाई चलती हो तो उस समय सामान्य किसान बड़ा चिंतित हो जाता है कि आने वाले समय में अकाल पड़ने वाला है, सूखा होने वाला है । उसके

आधार पर ही किसान अपनी फसल बोता था और अपनी फसल के बारे में सुनिश्चित दिशा निर्धारित करता था । उसी में उन्होंने यह भी कहा है कि बरसात कब होती है । घाघ की सोच पर्यावरण से संबंधित ज्यादा थी, इसलिए इसमें भी उन्होंने यह कहते हुए एक संकेत दिया है -

"ढेले ऊपर चील जो बोले, गली-गली में पानी डोले ।"

चील पक्षी होती है और अगर वह किसी खेत में मिट्टी के धूहे पर बैठकर बोलती है तो समझ लो कि बड़ी जबरदस्त बरसात होने वाली है । इसी तरह वृक्ष पर चलते हुए गिरगिट के बारे में कहा है -

"उलटै गिरगिट ऊंचै चढ़ै, बरसा होइ भूमि जल उड़ै ।"

